# सिंह राशि फल वर्ष २०२६

**सिंह राशि :** वर्षारम्भ पर्यन्त शनि का मीन राशि से गोचर में आर्थिक लाभ देगा। स्पैकुलेशन तथा इन्वेस्टमेन्ट से लाभ होगा। कार्य प्रगति होगी। राजकीय अथवा प्रशासनिक क्षेत्रो से सहयोग मिलेगा। जीवन व्यवस्थित रहेगा। सन्तान सुख रहेगा।शरीर स्वस्थ रहेगा। व्यसनो तथा दुष्ट व्यक्तियो से दूरी बनेगी परन्तु अचानक मान हानि के प्रति सचेत रहे। वर्षारम्भ से गुरु गोचर में पद प्रतिष्ठा मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। धनागमन से मन प्रसन्न रहेगा। प्राय: ही सभी कार्यो में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। विरोधी पक्ष परास्त होगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। आवश्यकता के अनुसार व्यय करेगे। मिथ्या आरोपो से मुक्त होगे। मुकद्दमेबाजी समाप्त होगी। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। प्रिय वस्तु अर्जित करेगे।

**जनवरी :** प्रारम्भ में सुख समृद्धि की हानि होगी। रोग ग्रस्त होगे। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। प्रतिष्ठा की हानि होगी। मानसिक अशांति रहेगी। 16 जनवरी से नवीन साधनो-स्टार्टअप से धनागमन उत्तम बनेगा। बहुमूल्य धातु का लाभ होगा। चले आ रहे रोगो से छुटकारा मिलेगा। प्रतिष्ठित कार्य में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक उन्नति होगी। कोर्ट कचहरी में अनुकूल परिणाम आने से विरोधियो पर प्रभाव रहेगा। विवादो का अन्त होगा. मान-प्रतिष्ठा तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। ललित कलाओ के क्षेत्र में ख्यातनाम होगे।

शुभ दिन **:** 02, 13, 18, 25,

अशुभ दिन **:** 04, 06, 08, 11, 16, 21, 23, 27, 29, 31

**फरवरी :** आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। दाम्पत्य जीवन में विवाद होगे। शरीर में शिथिलता रहेगी। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। 06 फरवरी से स्वास्थय में सुधार होगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान योग रहेगा। विद्यार्थियो की शिक्षा में प्रगति होगी। 13 फरवरी से विवादो का समाधान होगा। कार्यो में सफलता मिलेगी. व्यवसायिक अवरोध समाप्त होगे। यात्राओ से लाभ मिलेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से छुटकारा मिलेगा। 23 फरवरी से अपव्यय होगा। जीवनसाथी के स्वास्थय में गिरावट आयेगी। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट रहेगा।

शुभ दिन **:** 02, 10, 15, 21, 26,

अशुभ दिन **:** 05, 07, 12, 17, 19, 23,

VYAS PANCHANG

**मार्चः** कष्ट से मुक्ति मिलेगी। सुखोपभोग तथा विलासिता की सामग्री क्रय करेगे। परिवार का आर्थिक सहयोग मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। 15 मार्च से पूर्व में किये गये कार्यो का दुष्परिणाम मिलेगा। कफजन्य बीमारियो से पीड़ित होगे। शासन –प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी. किन्ही कारणो से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। व्यवसाय एवं अन्य कार्यो में असफलता से आर्थिक स्थिति खराब होगी. व्यय बढ़ेगा। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। प्रेम सम्बन्धो में असफलता मिलेगी। महिलाओ से हानि होगी।

शुभ दिन : 02, 14, 25, 29,

अशुभ दिन : 04, 06, 09, 11, 16, 18, 21, 23, 27, 31

**अप्रैल:** प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधाऐं बनती दिखाई पड़ेगी। लिये गये ऋण को चुकता करने में कठिनाईया आयेगी। तेज ज्वर से पीड़ा होगी। स्थान परिवर्तन होगा. 11 अप्रैल से आय के नये साधन बनेगे। कार्यो में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। योग्य व्यक्तियो को सन्तान योग रहेगा। बुद्धि चातुर्य देखते ही बनेगा फिर भी मन अशांत रहेगा। 14 अप्रैल से अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। मन अज्ञात कारणो से भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नो में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी. आत्मविश्वास गिरेगा। 19 अप्रैल से मानसिक व्यथा एवं शारीरिक पीड़ा समाप्त होगी। शरीर स्वस्थ ररहेगा। महिलाओ का सहयोग मिलेगा। 30 अप्रैल से मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। यात्राओ में असुविधा तथा हानि होगी। सम्बन्धियो तथा सहोदरो से वैमनस्य रहेगा।

शुभ दिन : 10, 21, 23, 25,

अशुभ दिन : 03, 05, 08, 13, 15, 17, 19, 28, 30

**मईः** स्वास्थय खराब रहेगा। निर्बलता और थकान से कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे. किसी प्रतिष्ठितकार्य में विफलता मिलेगी। अधिकार कम होगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा. पदावनति का भय रहेगा। वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो से मतभेद होगा। पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। सहकर्मियो का रवैया असहयोग का रहेगा। महिलाओ के माध्यम से हानि होगी। प्रेम सम्बन्धो में असफल होगे। 15 मई में वाक्चातुर्य से स्थिति में कुछ सुधार होगा। सामाजिक कार्यो में समय देगे। दाम्पत्य सुख मिलेगा।

शुभ दिन : 05, 08, 18, 20, 23,

अशुभ दिन : 03, 10, 12, 14, 16, 25, 27, 30

VYAS PANCHANG

**जून:** नया सहयोग क्रियान्वित होने में समय लगेगा। व्यय अधिक होगा परन्तु कार्य प्रगति चलती रहेगी। अक्समात से बचाव होगा। वस्त्रो तथा श्वेत वस्तुओ के व्यापार से लाभ होगा। वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। घर -परिवार में आध्यात्मिक तथा मांगलिक उत्सव होगे। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा. 21 जून से रोजी रोजगार तथा कार्यस्थल पर कार्यकारी स्थितियो बनेगी। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। व्यर्थ के वाद विवादो से बचेगे। सम्बन्धियो का सहयोग रहेगा। सम्मानजनक स्थितियां बनेगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शिक्षा में प्रगति होगी। पद लाभ होगा।

शुभ दिन : 01, 04, 15, 19, 29

अशुभ दिन : 06, 09, 11, 13, 17, 21, 24, 26,

**जुलाई:** अविवाहितो के विवाह योग में अभी विलम्ब है। अध्ययन में अपेक्षित प्रगति की कमी रहेगी। मन आमोद प्रमोद से हटेगा। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के व्यापार में हानि होगी। पारिवारिक सुख शांति का अभाव रहेगा। स्वास्थय गिरेगा। सन्तान प्राप्ति के लिये मेडिकल ट्रीटमेन्ट की आवश्यकता रहेगी। 16 जुलाई से पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वर्ग में उन्नति होगी। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से मधुर सम्बन्ध बनेगे। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से छुटकारा मिलेगा। स्थान लाभ होगा.

शुभ दिन : 01, 12, 14, 16, 21, 26, 28, 31

अशुभ दिन : 04, 06, 08, 10, 18,

**अगस्त:** 02 अगस्त से भूमि-भवन से लाभ के लिये समय अनुकूल नही है। स्थाई सम्पत्ति के कार्यो में हानि होगी। मुकद्दमो में समुचित निर्णय नही होगा। प्रापर्टी लीज पर उठाने में समय लगेगा। मन में असंतोष रहेगा। व्यर्थ वाद विवादो में फंसेगे। सम्बन्धियो से अनबन होगी। शिक्षा में विघ्न आयेगा। स्वास्थय में गिरावट गिरेगा। 17 अगस्त से शारीरिक अवस्था के अनुरुप रक्तचाप अथवा हृदय रोग का भय दूर होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार का सुख रहेगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी।

शुभ दिन : 09, 13, 25, 29

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 02, 04, 07, 11, 15, 17, 20, 22, 27,

**सितम्बर :** शासकीय सहायता प्राप्त करेगे। धन प्राप्ति के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेगे। रोजी रोजगार तथा कार्यालय में उलझने रहेगी। व्यवसायिक हानि होगी। धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। 07 सितम्बर से शिक्षा में धीमी प्रगति का अंसतोष होगा। अत्याधिक वाचालता तथा वाकचातुर्य से हानि होगी। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो से मतभेद होगे। किसी बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। किसी कारणवश घर से दूर रहना होगा। उच्च रक्त चाप अथवा रक्त सम्बन्धी किसी रोग से पीड़ित होगे। दाम्पत्य जीवन में मतभेद बनेगे। सन्तान के कारण चिन्तित रहेगे। 17 सितम्बर से कार्यो में सफलता का मानसिक संतोष रहेगा। आंखो की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक सुख सोहार्द्र का आनन्द रहेगा। श्वेत खाद्य पदार्थो, चावल, दूध आदि के व्यापारियो को लाभ होगा। सत्कर्मो में रुचि बनेगी। पढ़ाई में मन लगेगा। शिक्षा में अपेक्षित प्रगति प्राप्त होगी।

शुभ दिन : 05, 09, 21, 26,

अशुभ दिन : 01, 03, 07, 11, 14, 16, 18, 23, 28, 30

**अक्तूबर:** नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। मान, सम्मान तथा प्रतिष्ठा मिलेगी। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। विरोधी पराजित होगे। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। स्वास्थय लाभ होगा। यात्राओ से लाभ होगा। भू-सम्पत्ति के मामलो में सफलता मिलेगी। भ्रम की स्थिति का निवारण होगा। मन में स्थिरता आयेगी। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति में दृढ़ता परीलक्षित होगी।

शुभ दिन : 02, 06, 09, 11, 18, 29

अशुभ दिन : 04, 13, 16, 21, 23, 25, 27,

**नवम्बर:** स्वास्थय लाभ होगा। शल्य क्रिया आपरेशन अथवा चोट लगने से बचाव होगा। पारिवारिक मतभेद समाप्त होगे। बन्धु बान्धवो का सहयोग मिलेगा। असामाजिक तत्वो से छुटकारा मिलेगा। कार्यो में अच्छी सफलता मिलेगी। लाभदायक यात्राये होगी। उपद्रव समाप्त होगे। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त करेगे। मनोरंजन, गायन, वादन, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। योग्य व्यक्तियो का सन्तान योग रहेगा। 16 नवम्बर से समय कुसमय का खानपान होगा. झगड़े झंझटो के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा. व्यसनो से लगाव रहेगा। यात्राओ में असुविधा होगी. भू-सम्पत्ति के मामलो में अवरोध आयेगे। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होगे।

शुभ दिन : 03, 07, 15, 20, 30

VYAS PANCHANG

**अशुभ दिन :** 01, 05, 10, 12, 17, 22, 24, 26, 28

**दिसम्बर :** आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। भूमि –भवन के कार्यो में असफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। अपव्यय होगा। प्रशासनिक अधिकारियो से वाद विवाद होगे। व्यक्तितत्व में ह्रास से दीनता आयेगी। हितेषियो से असुविधा होगी। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। आक्समिक रुप से किसी झगड़े झंझट में फंसेगे। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट रहेगा। जीवन साथी तथा सन्तान से मतभेद होगे। अनबन रहेगी। घर परिवार से अलग रहना पड़ सकता है। उच्च ताप अथवा गर्मी के कारण शरीर में शिथिलता आयेगी। योजनाओ के अनुरुप कार्यो में सफलता नही मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओ में असफलता मिलेगी।

शुभ दिन : 04, 07, 12, 17, 19,

अशुभ दिन : 02, 09, 14, 21, 23, 25, 27, 29

VYAS PANCHANG